दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



### मतदान केन्द्रों को किया गया सुसज्जित

**» बनाये गये वोटर सेल्फी जोन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जागव बोटर के तहत नगर पंचायत सरिया निर्वाचन हेतु समस्त मतदान केन्द्रों को सुसज्जित किया गया है एवं वोटर सेल्फी जोन भी बनाये गये है।

### मतदान करने के लिए 18 प्रकार के अन्य दस्तावेजों होंगे मान्य

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अन्तर्गत मतदाताओं को सुविधाजनक से मतदान करने के लिए मतदाता परिचय पत्र के साथ ही 18 प्रकार के अन्य दस्तावेजों को मान्य किया है। मतदाता इनमें से किसी एक दस्तावेज को दिखाकर मतदान कर सकेंगे। जारी निर्देश के अनुसार मतदाता परिचय पत्र के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी और कर्मचारी को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेनकार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना, स्मार्ट कार्ड, स्वतन्त्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशनकार्ड, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस और छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर द्वारा आनलाईन जनरेट मतदाता पहचान पर्ची में से किसी एक दस्तावेज के आधार पर मतदान किया जा सकता है।

### ईतवारी-कोलकत्ता के बीच 24 को चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रायपुर (आरएनएस)।** ईतवारी से कोलकत्ता जाने वाली ट्रेनों में चल रही भारी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन 2 एसएलआर, 04 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी-थ्री, 01 एसी टू कोच सहित कुल 20 कोच के साथ 24 दिसंबर को ईतवारी से कोलकाता के लिए रवाना होगी। रेलवे सूत्रों से आज मिली जानकारी के अनुसार ये स्पेशल ट्रेन ईतवारी से 08601 नंबर के साथ चलेगी। स्पेशल गाड़ी 24 दिसम्बर को ईतवारी से 19.30 बजे रवाना होकर गोदिंया 21.15 बजे पहुंचकर 21.20 बजे रवाना, दुर्ग 23.35 बजे पहुचकर 23.40 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 25 दिसम्बर को रायपुर रात्रि 00.15 बजे पहुचंकर 00.25 बजे रवाना, बिलासपुर 02.15 बजे पहुच, 02.30 बजे रवाना, झारसुगुड़ा 05.30 बज पहुचे, 05.35 बजे रवाना एवं राउरकेला 07.00 बजे पहुचकर 07.05 बजे रवाना, टाटानगर 09.45 बजे पहुच, 09.50 बजे रवाना, खडकपुर 11.50 बजे पहुच, 11.55 बजे रवाना होकर कोलकत्ता 15.30 बजे पहुचेगी। इस गाड़ी में 2 एस एल आर, 04 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी-थ्री, 01 एसी टू कोच सहित कुल 20 कोच रहेगी।

### बस की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद (आरएनएस)।** सरायपाली के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के पास बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया, जिसे प्रारंभिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना सोमवार रात सवा 10 बजे की बताई जा रही है। वार्ड 3 महलपारा निवासी उदय सिंह ठाकुर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएफ 1400 से घूमने निकला था। तभी शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप पहुंचा ही था कि रायपुर की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 13 क्यू 0723 के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में उदय के सिर, पैर व छाती में चोटें आई। घटना के बाद 112 की मदद से उदय को सरायपाली अस्पताल ले जाया गया।

# मतदान दल पूरी सजगता से सम्पन्न करवाएं मतदान-कलेक्टर

**» मतदान के दौरान समस्या होने पर सेक्टर प्रभारी को तत्काल करे सूचित**
**» 9 नगरीय निकायों के 171 वार्डों के लिए बनाए गए हैं 297 मतदान केन्द्र**
**» जिले में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक डाले जायेंगे वोट**







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज केआईटी परिसर में मतदान दलों के सामग्री वितरण का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी उपस्थित थे। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी मतदान दलों से कहा कि मतदान का कार्य तय दिशा निर्देशों के अनुसार पूरी सजगता से सम्पन्न करवाएं। इस बार मतदान मतपत्रों के द्वारा किए जा रहे है अतः विशेष सतर्कता बरतें। दल के सभी कर्मियों को एक टीम के रूप में कार्य करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करना है। प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल अपने सेक्टर प्रभारी को सूचित कर सहायता ले। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने मतदान केन्द्रों में रवानगी से पहले मतदान सामग्री की जांच कर लें, कुछ कमी है या कोई समस्या है तो तत्काल सबंधित प्रभारियों को बताएं और सामग्री की व्यवस्था कर ही अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो। उन्होंने सभी से यह भी कहा कि मतदान की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार संचालित करें व समस्त जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में संधारित करते जाएं।

नगर निगम के 48 वार्डों को 12 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी सेक्टरों के लिए सेक्टर प्रभारी नियुक्त किए गए है। आज प्रातः 9 बजे से किरोड़ीमल कॉलेज परिसर में सेक्टरवार काउण्टर बनाकर मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरित की गई। जिले के अन्य नगरीय निकायों के लिए उनके मुख्यालयों में मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्था की गई थी।

गौरतलब है कि रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्डों के लिए 173 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके लिए आज 173 मतदान दल के साथ 10 प्रतिशत रिजर्व सहित 191 मतदान दलों में कुल 764 कर्मियों को सामग्री वितरित कर रवाना किया गया। ज्ञात हो कि एक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान अधिकारी क्रमांक 01, मतदान अधिकारी क्रमांक 02 तथा मतदान अधिकारी क्रमांक 03 सहित कुल 4 लोग होते है। दोपहर 12 बजे तक सभी दल अपने केन्द्रों के लिए निकल गए। जिनके परिवहन के लिए 24 बसों की व्यवस्था की गई थी।

### जिले के नगरीय निकाय आंकड़ों के नजरिये से

| नगरीय निकाय | वार्डों की संख्या | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदान कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| रायगढ़ | 48 | 173 | 692 |
| खरसिया | 18 | 19 | 76 |
| बरमकेला | 15 | 15 | 60 |
| सरिया | 15 | 15 | 60 |
| पुसौर | 15 | 15 | 60 |
| लैलूंगा | 15 | 15 | 60 |
| किरोड़ीमलनगर | 15 | 15 | 60 |
| धरमजयगढ़ | 15 | 15 | 60 |
| घरघोड़ा | 15 | 15 | 60 |
| **योग** | **171** | **297** | **1188** |

## दो मोटरसाइकिल आपस में टकराए, घायलों को 112 ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आज दिनांक को ग्राम पोतेबिरनी लैलूंगा में रहने वाला संजय सिदार पिता जगतसिंह सिदार उम्र 34 साल ग्राम बिरसिंघा से अपने घर पोतेबिरनी अपनी मोटरसाइकिल से आ रहा था तथा दूसरे मोटरसाइकिल पर रामनगर लैलूंगा में रहने वाला किशन लाल यादव पिता स्वरूप जी यादव उम्र 50 साल लैलूंगा से मुकडेगा मोटरसाइकिल पर जा रहा था कि दोनों मोटरसाइकिल दोपहर करीब 14.00 बजे ग्राम गमेकेला के पास मुख्य मार्ग में आमने सामने टकरा गए जिससे दोनों को चोटे आई थी । रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर मौके पर पहुंचकर लैलूंगा राइनो द्वारा आहतों को ईआरव्ही वाहन द्वारा सीएससी लैलूंगा लाकर भर्ती कराया गया है।



## निकाय चुनाव दौरान शुष्क दिवस में बम्फर शराब बिक्री की थी योजना

**» सूचना पर जूटमिल पुलिस की रेड से योजना विफल**

**» भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी व कच्ची महुआ शराब जप्त**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरी निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना /चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में अत्यधिक सतर्कता बरतने एवं सघन पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। आज दिनांक 20.12.2019 से सभी चुनाव क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग की संख्या पहले की अपेक्षा से अत्यधिक है । पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा सभी पोलिंग बूथ तथा वार्डों में लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है कि आज सुबह करीब 11:00 बजे जूटमिल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे सहायक उपनिरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक बसंत सिदार को संत विनोबा नगर के मोहल्लेवासियों ने सूचना दिया गया कि प्रताप कोयल घर में काफी मात्रा में शराब लाकर बिक्री के लिए रखा है जिस पर पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा प्रताप कोयल पिता वासुदेव कोयल उम्र 35 वर्ष , संत विनोबा नगर के घर जाकर रेड कार्यवाही किया गया । आरोपी प्रताप कोयल के घर के आंगन में छुपा कर रखा हुआ प्लास्टिक बोरा से 95 पाव देशी प्लेन शराब, 52 पाव गोवा व्हिस्की शराब तथा 40 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती रू. 13,860 जप्त किया गया है। महुआ शराब 5 लीटर वाली 8 डब्बा/जरकिनों में रखा हुआ था । आरोपी के विरुद्ध चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली में धारा 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।



# जिले में कुल 196606 मतदाता करेंगे मतदान

**» 171 वार्ड में 297 मतदान केन्द्र बनाये गये**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़, नगर पालिका परिषद खरसिया, नगर पंचायत बरमकेला, पुसौर, सरिया, किरोड़ीमलनगर, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के लिए 297 मतदान केन्द्र बनाए गए है। नगरीय निकाय निर्वाचन में कुल 196606 मतदाता मतदान करेंगे। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।



नगर पालिक निगम रायगढ़ में कुल 134433 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 68417, महिला मतदाताओं की संख्या 66007, तृतीय लिंग 9 है। इसी तरह नगर पालिका खरसिया में कुल मतदाताओं की संख्या 15445 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 7682, महिला मतदाताओं की संख्या 7763, नगर पंचायत बरमकेला में कुल मतदाताओं की संख्या 4643 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 2267, महिला मतदाताओं की संख्या 2376, नगर पंचायत सरिया में कुल मतदाताओं की संख्या 5624 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 2738, महिला मतदाताओं की संख्या 2885, तृतीय लिंग की संख्या 01 है। वहीं नगर पंचायत पुसौर में कुल मतदाताओं की संख्या 4057 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1993, महिला मतदाताओं की संख्या 2064, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में कुल मतदाताओं की संख्या 8734 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 4924, महिला मतदाताओं की संख्या 3808, तृतीय लिंग की संख्या 2, नगर पंचायत घरघोड़ा में कुल मतदाताओं की संख्या 6948 में पुरूष मतदाताओं की संख्या में 3413, महिला मतदाताओं की संख्या 3535, नगर पंचायत धरमजयगढ़ में कुल मतदाताओं की संख्या 10788 में पुरूष मतदाताओं की संख्या 5289, महिला मतदाताओं की संख्या 5499, नगर पंचायत लैलूंगा में कुल मतदाताओं की संख्या 5934 में पुरूष मतदाताओं की संख्या में 2901, महिला मतदाताओं की संख्या 3033 है।

## धान लोड ट्रक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**» डायल 112 की साहायता से फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग**



**न्याय साक्षी /रायगढ़।** पुसौर राइनों को तेतला, अग्रवाल धर्म कांटा के पास दिनांक 20.12.2019 के दोपहर करीब 13:50 बजे आगजनी का इवेंट पर रवाना किया गया। जहां खड़ी ट्रक सीजी 04- जेडी 5233 जिसमें 523 बोरी धान लोड था, ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी जो लकड़ी बॉडी से होते धान के 4-5 बोरियों तक फैल चुका था। इवेंट पर फायर ब्रिगेड व राइनो मौके पर पहुंच कर आग को बढ़ने से पहले बुझाए।

## महाप्रबंधक रेलवे ने किया विद्युत लोको शेड भिलाई का निरीक्षण

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री गौतम बनर्जी एकदिवसीय रायपुर मंडल प्रवास पर रहे । गौतम बनर्जी आजाद हिंद एक्सप्रेस से बिलासपुर से रायपुर के मध्य विंडो ट्रायल निरीक्षण करते हुए रायपुर स्टेशन पहुंचे उनकी अगुवाई मंडल रेल प्रबंधक श्यामसुंदर गुप्ता द्वारा की गई ।



महाप्रबंधक ने रायपुर मंडल के विधुत लोको शेड भिलाई का निरीक्षण किया महाप्रबंधक ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में अपनाई जा रही तकनीकी प्रणाली एवं उपलब्ध साधन संसाधनोंए मशीनरी, उपकरणों का निरीक्षण किया अधिकारियों से संबंधित कार्यप्रणाली के बारे में पूछताछ की । विद्युत लोको शेड भिलाई मे लोको की मरम्मत की हिस्ट्री रखने हेतु बनाए गए सॉफ्टवेयर लोको मेंटेनेंस इनफ र्मेशन सिस्टम मे रिकॉर्ड का अवलोकन किया । महाप्रबंधक द्वारा विद्युत लोको शेड में कमिश्निंग हुआ 52वां ूच.7 .37240 लोको रेल यातायात परिचालन के लिए समर्पित किया गया लोको के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुधार हेतु किए जाने वाले कार्यप्रणाली को देखा ।

विद्युत लोको शेड में महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया महाप्रबंधक द्वारा विद्युत लोको शेड को 50 हजार रूपये नगद पुरस्कार एवं विद्युत लोको शेड स्टोर विभाग को 10 हजार रूपये नगद पुरस्कार भी दिया । महाप्रबंधक महोदय से विभिन्न यूनियन संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भेंट कर कर्मचारियों की आवश्यकताओं संबंधित विषयों पर चर्चा की ।

### ट्रेनों में चला टिकट चेकिंग अभियानः 280310 रूपये जुर्माना वसूला गया

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों से 02 लाख 80 हजार 310 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टिकट चेकिंग अभियान के तहत 19 दिसम्बर को 24 एक्सप्रेस और 08 पैसेंजर गाड़ियों में चेकिंग की गई। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 187 मामलों में 123305 रूपये, अनियमित टिकट के 274 मामलों में 130245 रूपये एवं बिना बुक कराये सामान ले जाने के 263 मामलों में 26760 रूपये कुल 724 मामलों में 02 लाख 80 हजार 310 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में 36 टीटीई, 01 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 01 रेलवे सुरक्षा बल एवं 02 जी.आर.पी. ट्रेनों में जांच की गई।

## शिशु संरक्षण माह आयोजन के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**» 27 दिसम्बर से 28 जनवरी तक चलेगा शिशु संरक्षण माह**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग के आरोग्यम सभाकक्ष में शिशु संरक्षण माह की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह 27 दिसम्बर 2019 से 28 जनवरी 2020 तक आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। सीईओ सुश्री चौधरी ने उक्त आयोजन हेतु सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कार्यशाला में सीएचएमओ डॉ.केशरी ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से टीका लगवाये। प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार व शुक्रवार को 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक 6 माह के अंतराल पर अवश्य पिलाये। अति कुपोषित बच्चों का संदर्भन एवं उपचार अस्पताल में करायें। उन्होंने कहा कि %स्वस्थ हो ही सबो बच्चा महतारी के दूध सबले अच्छा' 6 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों के लिए सप्ताह में 2 बार आयरन सीरप एवं गर्भवती माता के लिए प्रतिदिन 1 गोली देना है। शिशु संरक्षण माह का एक ही नारा स्वस्थ बच्चा स्वस्थ गांव हमारा' कार्यशाला में शिशु संरक्षण माह एवं विशेष टीकाकरण सप्ताह की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.डी.पासवान, जिला मलेरिया नोडल अधिकारी अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल एवं समस्त एमओ, बीएमओ, वेल्थ एण्ड हेल्थ सेंटर रामभांठा, जिला मितानिन समन्वयक, डॉ.चुलेश्वर पटेल उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480